तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 14 नवंबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 नौकरी के पीछे भागने की बजाए रोजगार, स्व-रोजगार से जुड़े..





12 गुरुनानक जयंती पर सिख समाज ने निकाली शोभायात्रा





श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### सिरसिदा में मड़ई 15 को

**सिर्री।** ग्राम सिरसिदा में ग्रामवासियों के सहयोग से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 15 नवंबर शुक्रवार को मड़ई मेला का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के अतिथि प्यारी राम निर्मलकर, केजूराम निषाद, काजूराम साहू, कुंजू पटेल, चैनुराम साहू होंगे। रात्रि में मोर गंवई गंगा परसाही जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी देवेंद्र देवांगन, रामरत साहू ने दी है।

### भृत्य कल्याण संघ की बैठक 17 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ कुरूद ब्लाक की मासिक बैठक 17 नवम्बर रविवार को सुबह 11 बजे खेल मैदान कुरूद में रखी गई है। ब्लाक अध्यक्ष हरिराम ध्रुव, सचिव किशोर साहू एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू ने सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### नाम जोड़ने, काटने की कार्रवाई 20 तक

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी में मतदाता सूची का पुनरीक्षण संबंधित मतदाता सूची का अवलोकन एवं नाम काटना, सुधारना एवं जोड़ने का कार्य 20 नवंबर की सुबह 10 से शाम 5 बजे तक पूर्व निर्धारित स्थल पर शिविर लगाकर किया जायेगा।

### विधायक आज जोरातराई में करेंगे विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

**कुरुद।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक कुरुद अजय चंद्राकर आज धमतरी जिले एवं



विधानसभा क्षेत्र कुरुद के अंतिम छोर के गांव जोरातराई (सि) में करीब पौन करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। सरपंच सविता गंजीर ने बताया कि विधायक श्री चंद्राकर बतौर मुख्य अतिथि आज दोपहर 12 बजे उनके गांव में शेड निर्माण कार्य, सीसी रोड निर्माण कार्य, सामुदायिक भवन आदि का लोकार्पण एवं रंगमंच का भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण पदाधिकारी एवं समाजसेवी लोग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### मड़ेली में कबड्डी प्रतियोगिता 17 को

**जीजामगांव।** जय बजरंग कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मड़ेली में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 17 नवंबर रविवार को आयोजित की गई है। पुरुष सीनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार 12001 रुपये, द्वितीय 9001 रुपये, तृतीय 7001 रुपये, चतुर्थ 4001 रुपये एवं पुरुष जूनियर वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001रुपये, द्वितीय 3001रुपये, तृतीय 2001रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रुपये रखा गया है। बेस्ट ऑल राउंडर को 1001 रूपये, बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर 501 रुपये, बेस्ट ब्लॉकर मे 301रुपये दिया जायेगा। सभी मैच प्रो कबड्डी नियम से खेले जाएंगे। प्रतियोगिता की तैयारी में समिति के सदस्य केवल बैस, डोमेन्द्र निषाद, राजेश बैस जुटे हैं।

---

आज से शुरू होगी धान खरीदी, उठाव को लेकर आएगी समस्या

# कस्टम मिलिंग की दर में कटौती, मिलर्स परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धान खरीदी शुरू होने से पहले ही राइस मिलर्स ने कस्टम मिलिंग करने में असमर्थता व्यक्त कर दी है। बुधवार से मिलर्स का कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन भी शुरू किया गया है, लेकिन समस्याओं को देखते हुए मिलर्स पंजीयन के लिए सामने नहीं आ रहे हैं। उधर धान खरीदी के लिए खरीदी केंद्रों में तैयारी पूरी हो चुकी है। आज जिले की समितियों में 2 हजार 818 किसान 1 लाख 17 हजार 231 क्विंटल धान बेचेंगे।

कांग्रेस सरकार ने कस्टम मिलिंग की दर में अच्छी खासी बढ़ोतरी की थी। मिलर्स को प्रति क्विंटल कस्टम मिलिंग पर 120 रूपए दिए जा रहे थे। इस साल शासन ने कस्टम मिलिंग की दर कम कर दी है। अब प्रति क्विंटल मिलर्स को 60 रुपए दिए जाएंगे। कस्टम मिलिंग की दर में कटौती से राइस मिलर्स नाराज हैं। अरवा राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश गोलछा ने बताया कि मिलिंग दर में कटौती से पूरे प्रदेश की राइस मिलों में संकट मंडरा रहा है। उन्होंने बताया कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। पांच साल में बिजली बिल, हमाली, मशीनों के दाम सहित सभी चीजें काफी महंगी हुई हैं। उधर शासन ने मिलिंग को पांच साल पुरानी दर पर वापस ला दिया है। ऐसे में मिलर्स को आर्थिक संकट से जूझना पड़ेगा। कई मिलों में ताला लग सकता है। उसना राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन सांखला ने कहा कि राइस मिलर्स पहले ही कई प्रकार की समस्याओं से जूझ रहे हैं। अब कस्टम मिलिंग दर आधा कर देने से व्यापार में गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। राइस मिलर्स को दो साल की मिलिंग का भुगतान भी नहीं किया गया है।

### नई नीति में कई समस्याएं

कस्टम मिलिंग की नई नीति के अनुसार समय पर चावल जमा नहीं करने पर राइस मिलर्स को पेनाल्टी जमा करना होगा। मिलर्स ने बताया कि वे तो चावल जमा करने के लिए तैयार रहते हैं लेकिन एफसीआई के डिपो पैक हो जाते हैं। ऐसे में वे चाहकर भी चावल जमा नहीं कर पाते हैं। चावल जमा नहीं होने पर उन्हें बिना गलती के ही पेनाल्टी भरना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में राइस मिल चलाना घाटे का सौदा साबित होगा। उन्होंने बताया कि यदि कस्टम मिलिंग करना हर राइस मिलर के लिए अनिवार्य है लेकिन राइस मिलर्स घाटा झेलकर राइस मिल नहीं चला सकते हैं। मिलर्स ने बताया कि कस्टम मिलिंग करना उनकी मजबूरी है। नीतियों में बदलाव नहीं किया गया तो कस्टम मिलिंग की रफ्तार धीमी हो सकती है।



फाइल फोटो

### निराश है मिलर्स

पूरे प्रदेश में कस्टम मिलिंग के मामले में धमतरी जिला टॉप पर रहता है। यहां के मिलर्स न सिर्फ धमतरी बल्कि आसपास के 12 अन्य जिलों का धान उठाते हैं। पिछले साल धमतरी मिलर्स ने जिले के धान की समय पर मिलिंग कर ली थी। इसके बाद उन्होंने अन्य 12 जिले बालोद, कांकेर, कोंडागांव, राजनांदगांव, बस्तर, मोहला मानपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, गरियाबंद, बलरामपुर, बलौदाबाजार जिले का धान उठाया था। धमतरी से 61 लाख क्विंटल धान का उठाव करने के बाद अन्य जिलों का 35 लाख क्विंटल धान की भी मिलिंग की थी। कुल 96 लाख क्विंटल धान की कस्टम मिलिंग की गई है। इमानदारी से कस्टम मिलिंग करने के बाद भी प्रोत्साहन नहीं मिलने से धमतरी के मिलर्स निराश है।

### खरीदी के लिए सभी केंद्र तैयार

जिले के सभी 100 खरीदी केंद्रों में आज से धान खरीदी शुरु होगी। इस साल समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 1 लाख 27 हजार से ज्यादा किसानों ने पंजीयन कराया है। खरीदी के लिए सभी केंद्र तैयार हैं। पहले दिन 2 हजार 818 किसानों का टोकन है, इन किसानों से 1 लाख 17 हजार 231 क्विंटल धान की खरीदी की जानी है। खरीदी केंद्रों में 25 नवंबर तक के लिए टोकन कट चुका है।

### रायपुर में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक

इन समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन की बैठक रायपुर में हुई, जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी के साथ 33 जिलों के अध्यक्ष, महामंत्री के साथ राइस मिलर्स शामिल थे। पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक वर्ष 2022-23 का भुगतान मिलर्स को नहीं हो जाता, वर्ष 2024- 25 की पॉलिसी की खामियों को दूर नहीं किया जाता है , मिलर्स कस्टम मिलिंग करने में असमर्थ हैं। प्रदेशाध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने प्रोत्साहन राशि में कमी, धान में पेनाल्टी, चावल जमा में पेनाल्टी, बैंक गारंटी, सीसीटीवी कैमरा लगाना, धान तौल कर ना देना जैसे अनेक मुद्दे पर आपत्ति जताई। बैठक में प्रदेश महामंत्री विजय तायल, प्रमोद जैन, संजय गर्ग, अमर सुल्तानिया, बंटी अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, गप्पू मेमन, भोलाराम मित्तल के साथ धमतरी से नवीन सांखला, राजेश गोलछा, अखिलेश खण्डेलवाल, मनीष अग्रवाल, नवल किशोर अग्रवाल, राजेश झंवर आदि उपस्थित थे।

# आधार सेवा केंद्र संचालकों की आज से हड़ताल

- तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल से आधार पंजीयन कार्य बंद रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विभिन्न मांगों को लेकर जिले के आधार सेवा केंद्र संचालकों की हड़ताल आज से प्रारंभ होगी। इस तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल से आधार पंजीयन का कार्य बंद रहेगा। मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी दी है। इस हड़ताल से लोगों को आवश्यक कार्य के लिए अब भटकना पड़ेगा।

आधार सेवा केंद्र के करण विश्वकर्मा, मुकेश राठौड़, कृष्णा शर्मा, योगेश सोनी, कमल विश्वकर्मा, थानुराम, शेषनारायण साहू, ओमनलाल, रूपराम साहू, चेतन सोनकर ने बताया कि अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सीईओ चिप्स के नाम कलेक्टर, एसडीएम को ज्ञापन सौंपेंगे। बताया कि आधार आपरेटर चिप्स एजेंसी अंतर्गत वे विगत सात वर्षों से लगातार आधार पंजीयन एवं अपडेशन का कार्य कर रहे हैं। शासन व यूआईडीएआई की गाइडलाइन का पालन कर रहे हैं। अब नई गाइडलाइन के अनुसार सभी आधार केंद्रों को शासकीय परिसर में संचालित करना है। कई लोगों को शासकीय परिसर ही नहीं मिल पाया है। नई गाइड लाइन के आधार केंद्रों में चिप्स द्वारा आधार किट लैपटाप, फिंगर स्लेब आईरिस, फोकस लाइट, कैमरा, जीपीएस मुहैया कराई जाएगी।



जानकारी के अनुसार चिप्स के पास ऐसी कोई किट नहीं है। ऐसी स्थिति में काम बंद होने की कगार पर है।

आधार संचालकों को नए एवं अनिवार्य अपडेट का कमीशन भुगतान दिसंबर 2022 तक किया गया था। परंतु उसके बाद अब कोई भी भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। जिले का 70 लाख रूपए बकाया है। अपना च्वाईस सेंटर छोड़कर सरकार की विभिन्न योजनाओं पर कार्य करते हैं। इससे स्वयं का च्वाइस सेंटर का कार्य प्रभावित हो रहा है। आधार आपरेटरों को दुर्घटना के समय मुआवजा नहीं मिलता। संघ की मांग है कि 50 लाख का बीमा किया जाए। आधार सेंटर को उनके स्वयं की जगह पर संचालन करने की अनुमति दी जाए।

# मेघा रोड में खुली शराब दुकान, आक्रोश

- विहिप, बजरंग दल और एबीवीपी ने बंद करने कलेक्टोरेट में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मेघा रोड में देशी शराब दुकान खुलने से माहौल खराब हो रहा है। बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन करते हुए इस शराब दुकान को बंद करने की मांग की। शराब दुकान बंद नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी।

बुधवार को कलेक्टोरेट में विहिप, बजरंग दल और एबीवीपी के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि पहले से ही मगरलोड में बेलरदोना मार्ग पर शराब दुकान



संचालित है। यह दुकान बस्ती से दूर है। इस कारण लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं होती है। अब मेघा मार्ग पर नई देशी शराब दुकान खोली गई है। यह शराब दुकान लोगों की परेशानी का कारण बनी हुई है। यहां पर शराबी उटपटांग हरकत करते हैं। गाली-गलौज करते हैं, जिससे स्कूल आने जाने वाले छात्र छात्राओं को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। शराबी अश्लील कमेंट से भी नहीं चूकते हैं। इस मार्ग पर लोगों का आना-जाना दूभर हो गया है। विश्व हिन्दू परिषद के मुरलीधर जगत ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार कोई भी शराब दुकान सड़क से 500 मीटर दूर होनी चाहिए। इस शराब दुकान में नियम का उल्लंघन किया गया है। इसके अतिरिक्त लोगों की समस्याओं को भी नजर अंदाज किया गया है। यदि इस शराब दुकान को हटाया नहीं जाता है तो वे ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे।

# अभ्यर्थियों को आरक्षक भर्ती स्थल तक सुगमता से पहुंचाने पुलिस कर रही प्रयास

- आटो व ई-रिक्शा संचालकों की बैठक लेकर अभ्यर्थियों के लिए किराया निर्धारित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस लाइन रूद्री में 16 नवम्बर से होने वाली आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के सुगम आवागमन के लिये यातायात पुलिस ने आटो व ई-रिक्शा संचालकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आरक्षक भर्ती में दूर-दराज से पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को भर्ती स्थल रूद्री तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसका ध्यान रखते हुए यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बस स्टैण्ड में आटो व ई-रिक्शा संचालकों की



बैठक ली। इस दौरान आटो व ई-रिक्शा संचालकों को अभ्यर्थियों के लिये नया बस स्टैण्ड से रूद्री एवं अंबेडकर चौक से रूद्री का किराया 20 रूपये रखने निर्धारित किया। यह दर सामूहिक रूप से आने वाले अभ्यर्थियों के लिये होगा। बैठक में चालकों को निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बिठाने, ओव्हर स्पीड वाहन नहीं चलाने, ओव्हरटेक नहीं करने व निर्धारित दर से अधिक किराया नहीं लेने निर्देशित किया। पुलिस ने अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि आरक्षक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकृत है, जिसमें पूरी पारदर्शिता बरती जायेगी। किसी भी व्यक्ति के झांसे में न आएं। पुलिस भर्ती के लिए पैसा देना व लेना कानूनन अपराध है। ऐसा करते पाये जाने पर दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जावेगी। पुलिस ने झांसा देने पर 100 पर कॉल कर सूचना देने की अपील की है।

नियम हैं कड़े, प्रशासन ढीला, प्रतिबंध के बाद जल रही पराली

# कार्रवाई का डर नहीं, धधक रहे खेत-खलिहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

चने की खेती को बढ़ावा देने के चक्कर में प्रदूषण का खतरा बढ़ गया है। खेतों की सफाई जल्द करने के चक्कर में किसान पराली सहित खेतों में बिखरे पैरा को आग के हवाले कर रहे हैं। कुछ किसानों पर जिला प्रशासन ने कार्रवाई भी की है, लेकिन किसानों को कार्रवाई का डर नहीं है।

कृषि विभाग द्वारा खेतों में पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कड़े नियम बनाए गए हैं। इसके बाद भी अंचल में पराली जलाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पहले ही ग्राम खपरी में एक किसान पर पराली जलाने पर 15000 रूपए का जुर्माना लगाया गया था। दो दिन तक किसान शांत रहे। अब जिस किसान पर जुर्माना लगा है, उसके खेतों के बगल वाले खेत ही धधक रहे हैं। किसानों में कार्रवाई का डर नहीं है। मंगलवार को भी खेतों में पराली जलाने का सिलसिला चलता रहा। कई किसान तो ऐसे हैं, जिनके खेतों के बगल में फसल कटी नहीं है। कुछ किसानों के खेतों के बगल वाले खेत में खरही रखी हुई है। इसके बाद भी किसान अपने खेतों को आग के हवाले कर रहे हैं। आग से पड़ोस के खेतों की फसल तबाह हो सकती है। किसानों को इसका डर नहीं है ।

### चना, गेहूं की बुआई के लिए हड़बड़ी

इस साल अच्छी पहल करते हुए जिला प्रशासन ने किसानों से रबी में धान के बदले उन्हारी फसल लेने का आह्वान किया है। अंचल के किसान प्रशासन की सलाह पर चना, गेहूं , सरसों आदि की बुआई करने की तैयारी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इन फसलों की बुआई में समय का बहुत महत्व होता है। नवंबर माह में बुआई हो जानी चाहिए। समय कम होने के कारण किसान जल्द से जल्द खेतों को तैयार करने के चक्कर में खेतों को आग के हवाले कर रहे हैं।



### सख्ती नहीं, इसलिए किसानों में डर भी नहीं

पराली जलाने को लेकर नियम तो कड़े हैं, लेकिन जिले में कड़ाई नहीं बरती जा रही है। ग्राम खपरी में एक किसान पर जुर्माना लगाया गया। वह भी तब जब उस किसान द्वारा लगाई गई आग से दूसरे किसान का पैरावट जल गया। जिस किसान का पैरावट जला था, उसने शिकायत की थी, जिसके बाद जिला प्रशासन को एक्शन लेना पड़ा। खेतों में आगजनी की घटनाएं रोज हो रही हैं, लेकिन जिला प्रशासन इन घटनाओं पर एक्शन नहीं ले रहा है।

## वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अज्ञात कारणों से एक वृद्ध ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस व परिजनों के अनुसार स्थानीय जालमपुर निवासी घनश्याम यादव पिता बिरझूराम उम्र 62 वर्ष पहले हमाली का काम करता था। वृद्ध ने मंगलवार की देर रात्रि घर के कमरे में लगे लकड़ी के म्यांर में गमछे का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने सिटी कोतवाली को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया है। वृद्ध द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप




### कोसमर्रा में परमेश्वरी मंदिर निर्माण का भूमिपूजन कल

**अंवरी।** कार्तिक पूर्णिमा मेला के अवसर पर ग्राम कोसमर्रा (भखारा) में देवांगन समाज द्वारा मां परमेश्वरी मंदिर निर्माण का भूमिपूजन कार्यक्रम 15 नवंबर को दोपहर 2 बजे रखा गया है। मुख्य अतिथि विनय देवांगन अध्यक्ष जिला देवांगन समाज धमतरी होंगे। अध्यक्षता नेरित देवांगन अध्यक्ष देवांगन समाज बिजनापुरी मंडल करेंगे। विशेष अतिथि विजय देवांगन महापौर नगर निगम धमतरी, रामगोपाल देवांगन पूर्व प्रदेशाध्यक्ष देवांगन समाज छग, कुंजलाल देवांगन संरक्षक जिला देवांगन समाज धमतरी होंगे।

निष्पक्ष जांच को लेकर उपसरपंच सहित पंच 15 से करेंगे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल

# अरौद सरपंच, सचिव पर मनमानी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम पंचायत अरौद के सरपंच, सचिव एवं जनपद पंचायत जांचकर्ता के विरोध में उपसरपंच सहित पंच 15 नवंबर शुक्रवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। उप सरपंच व पंचों द्वारा मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, कलेक्टर, जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद, जनपद पंचायत एवं कुरूद विधायक को 8 नवंबर को लिखित आवेदन करने के बाद कार्रवाई नहीं होने पर भूख हड़ताल में जाने का निर्णय लिया है।

उपसरपंच फ़लेश कुमार साहू, पंच पेखन साहू, महेंद्र साहू, नोहर साहू, राजकुमारी साहू, शारदा बाई, वत्सला साहू ने बताया कि सरपंच, सचिव द्वारा मनमानीपूर्वक फर्जी प्रस्ताव कर राशि का आहरण किया गया है। पंचायत के विकास एवं




निर्माण कार्यों के लिए आयोजित पंचायत की बैठक में पंचों के साथ विवाद कर बैठक स्थगित की जाती है। आगामी बैठक की सूचना उपसरपंच सहित पंचों को नहीं दी जाती है। पंचायत की प्रथम बैठक में लिए गए एजेंडों के अलावा स्थगित बैठक में अन्य एजेंडा शामिल कर पंचों की फर्जी हस्ताक्षर कर राशि का आहरण किया गया है।

विडंबना है कि ग्राम पंचायत में 2021 से 2024 तक पंचों की उपस्थिति एवं सहयोग के बिना बैठक आयोजित कर स्थगित बैठक की हवाला देकर पंचों के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया है। पंचायत राज अधिनियम की अवहेलना की जा रही है।

#### विवाद होने पर जांच प्रक्रिया स्थगित

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मगरलोड के आदेश के परिपालन में ग्राम पंचायत अरौद में सरपंच, सचिव एवं शिकायतकर्ता के समक्ष मामले की जांच की गई। प्रथम दिवस जांच में दस्तावेज अपूर्ण पर समय दिया गया तथा द्वितीय दिवस जांच के दौरान सरपंच पक्ष व शिकायत पक्ष के मध्य विवाद की स्थिति में जांच प्रक्रिया को स्थगित कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित अवगत प्रस्तुत किया गया।

- **संजय चंद्राकर**, *जांच अधिकारी एसडीओ आरईएस*

जनप्रतिनिधियों ने कार्रवाई के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी मगरलोड, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को 12 जून 2024 को लिखित आवेदन किया था। इस मामले की जांच के लिए

जनपद पंचायत टीम पहुंची थी। टीम में आरईएस विभाग के एसडीओ संजय चंद्राकर, करारोपण अधिकारी वेदराम सिन्हा, तकनीकी सब इंजीनियर सरोज साहू, चारुलता कंवर शामिल रहे। प्रथम जांच 12 अगस्त को हुई। दस्तावेज अपूर्ण पर सरपंच, सचिव को एक सप्ताह का समय दिया गया। दूसरी जांच 10 सितंबर को हुई जिसमें वादी -प्रतिवादी के मध्य विवाद की स्थिति में जांच प्रक्रिया अब तक स्थगित है। उपसरपंच फ़लेश साहू एवं पंचों ने बताया कि निर्धारित समय-सीमा में सरपंच, सचिव पर करवाई नहीं करने पर 15 नवंबर से अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे।

# गौमाता को राज्य माता का दर्जा दिलाने प्रस्ताव भेजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

6 नवम्बर को जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक में सदस्य गोविंद साहू ने गौ माता को राज्यमाता का दर्जा दिये जाने का प्रस्ताव रखा। इसे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने सहर्ष स्वीकार कर प्रस्ताव का अनुमोदन कर सहमति प्रदान की। इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री तक प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। श्री साहू ने कहा कि हिंदुओं के धार्मिक ग्रंथों में गाय को गौ माता माना गया है। इसमें 33 कोटि देवी-देवताओं का निवास होता है। देश में लंबे समय से गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिये जाने की मांग की जा रही है। महाराष्ट्र एक ऐसा राज्य है, जहां गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य सहित पूरे देश में गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाना चाहिए।

# कर्णेश्वर घाट में 15 नवंबर को मनेगा गोवर्धन पूजा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सर्व यादव समाज सिहावा क्षेत्र द्वारा कर्णेश्वर घाट में कार्तिक पूर्णिमा पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। 15 नवंबर शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से कर्णेश्वर घाट देऊरपारा सिहावा में गोवर्धन पूजा महोत्सव मनाया जायेगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुसुदन यादव पूर्व सांसद राजनंदगांव, टंकराम वर्मा धमतरी जिला प्रभारी मंत्री, अध्यक्ष नंद कुमार यादव अध्यक्ष सर्व यादव समाज सिहावा, गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग विधानसभा, अम्बिका मरकाम विधायक सिहावा, प्रकाश बैस भाजपा जिला अध्यक्ष, पिंकी शाह पूर्व विधायक सिहावा, लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक, दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, आराधना शुक्ला अध्यक्ष नपं होंगे। अरूण सार्वा उन्नत कृषक, नागेन्द्र शुक्ला पूर्व अध्यक्ष नपं, मोहन नाहटा मंडल अध्यक्ष भाजपा, विकल गुप्ता अध्यक्ष कर्णेश्वर घाट सिहावा, मोहन पुजारी पूर्व सरपंच उमरगांव, अकबर कश्यप मंडल अध्यक्ष बेलर, भानेन्द्र ठाकुर पूर्व ब्लाक काग्रेस अध्यक्ष नगरी, भूषण साहू ब्लॉक अध्यक्ष, आरती ध्रुव सरपंच देवपुर, रंजना सूर्यवंशी सरपंच भीतररास, दिशा ध्रुव सरपंच सिरसिदा, प्रेमलता नागवंशी, हितेश, महेश सिन्हा, नरसिंग मरकाम भी मौजूद रहेंगे।

# देवांगन समाज के अधिकारी कर्मचारी अब वेबपोर्टल से जुड़ेंगे

- प्रकोष्ठ के तकनीकी विशेषज्ञ हेमचन्द्र ने तैयार किया है वेबपोर्टल
- 1 दिसंबर को वेबपोर्टल के विमोचन के साथ प्रतिभाओं का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के प्रांताध्यक्ष की अध्यक्षता में वृंदावन हाल सिविल लाइन रायपुर में बैठक हुई। प्रकोष्ठ प्रांताध्यक्ष मनोज देवांगन, प्रांतीय सचिव मुक्तेश्वर देवांगन, प्रांतीय कोषाध्यक्ष धन्नू देवांगन एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष दीपक देवांगन ने बताया कि छग प्रदेश के दस हजार से अधिक स्वजातीय शासकीय कर्मचारी-अधिकारियों को एक आनलाइन प्लेटफार्म देने के लिए प्रकोष्ठ के प्रांतीय तकनीकी विशेषज्ञ हेमचन्द्र देवांगन व्दारा वेबपोर्टल तैयार किया गया है। वेबपोर्टल से जहां प्रदेश के शासकीय स्वजातीय कर्मचारी-अधिकारी एक दूसरे से परिचय प्राप्त कर आपसी भाईचारा को अधिक मजबूत कर पाएंगे। वहीं दूसरी ओर यह पोर्टल वैवाहिक और अन्य उद्देश्य को भी पूरा करने में सक्षम होगा।

प्रांतीय बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 दिसंबर को प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छग के प्रांताध्यक्ष प्रदीप देवांगन की अध्यक्षता में वेबपोर्टल विमोचन, सह प्रतिभा सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा जायेगा।

प्रांताध्यक्ष ने आगे बताया कि समाज के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदान करने वाले व्यक्ति को मंच में सम्मानित किया जायेगा। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं भेजने के लिए नियम बनाया गया है कि बधाई संदेश प्रकोष्ठ के अधिकृत पदाधिकारी व्दारा सभी सदस्यों एवं प्रकोष्ठ की ओर से सामूहिक रूप से प्रदान किया जायेगा। आम तौर पर देखा गया है कि संबंधित वाट्सग्रुप में हर स्तर के शासकीय स्वजातीय कर्मचारी - अधिकारी जुड़े हुए हैं। बैठक का संचालन मोहन देवांगन सिमगा एवं आभार प्रदर्शन महेत्तर देवांगन बिलाईगढ़ एवं लक्ष्मीनारायण देवांगन ने किया।

# करेलीबड़ी के 32 बाल कवि राजधानी में 15 नवंबर को होंगे सम्मानित

- बाल कवि अपनी स्वरचित कविताओं का पठन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी की साहित्यिक संस्था आओ कविता लिखें समूह के 32 बालकवि 15 नवंबर को राजधानी रायपुर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था वक्ता मंच द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

आओ कविता लिखें समूह के संस्थापक जितेंद्र सुकुमार साहिर ने बताया कि बाल कवि दिनेश साहू, नम्रता राव, पेमेश्वरी निषाद, कविता निषाद, विरम निषाद, विद्या निषाद, डाली जामरे, मीना साहू डोमेश्वरी यादव, भावना साहू, गीतांजलि साहू, वंदना सेन , प्रीति साहू, हिना साहू, नीलम साहू, लीलम बघेल, साक्षी सेन, निशा पाल, वर्षा सिन्हा, जितेश्वरी सिन्हा, कुमकुम साहू, प्रीति साहू, सरोज भारती, अंजलि निषाद, गुंजा साहू, परमेश्वरी साहू, नियति साहू, कशिश पाल, ईशा सेन, साक्षी निषाद, कुंती साहू, प्रमोद साहू सम्मनित होंगे।

वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्र में होगा। प्रथम सत्र में सुबह 11 बजे बंशीलाल शर्मा स्मृति विभूति अलंकरण अवार्ड-2024 से सभी बाल कवियों को सम्मानित किया जायेगा। दूसरे सत्र में बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें आमंत्रित बालकवि अपनी स्वरचित कविताओं का पठन करेंगे। शुभम साहू एवं मनीष अवस्थी ने बताया कि यह कार्यक्रम वृंदावन सभागृह सिविल लाइन रायपुर में रखा गया है। संस्था के प्राचार्य किशोर जांगड़े एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

# मंच संचालक आत्माराम हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम सिवनीकला निवासी शिक्षक आत्माराम साहू को ग्रामीणों ने सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि आत्माराम साहू ने अयोध्या धाम में मंच संचालन किया। वे छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों में भी मंच संचालन की भूमिका निभाते हैं। अयोध्या से गांव लौटने पर दाऊ टिकेश्वर चंद्राकर, सुशील साहू, टेकराम साहू, कपिल देव पटेल ,चंद्र प्रकाश साहू, दीपदान साहू ,खिलावन चंद्राकर, सुरेश साहू पंच, डॉ सुरेश तारक ,पुरुषोत्तम



पटेल, विक्रम साहू ने आत्माराम साहू शिक्षक को श्रीफल, शाल एवं पुष्प माला से सम्मानित किया। श्री साहू उद्घोषक एवं गीतकार हैं। प्रस्तुतियों पर तत्काल तुकबंदी करके आशु कवित्व क्षमता व दमदार आवाज से कार्यक्रम में चार चांद लगाने के लिए जाने जाते हैं। टिकेश्वर चंद्राकर ने कहा कि आत्माराम ने अयोध्या में मंच का संचालन कर सिवनीकला का नाम रोशन किया।

# स्वास्थ्यवर्धक सीताफल का सीजन खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अपने विशिष्ट स्वाद और मिठास के कारण मशहूर सीताफल का बाजार खत्म होने की कगार पर है। यह ऐसा मौसमी फल है जो हर वर्ग के लोगों की पसंद है। सीताफल के शौकीन पूरी टोकरी खरीद कर ले जाते हैं। शहर में पहुंचने वाला सीताफल बरारी, कुकरेल, केरेगांव, कांटाकुर्रीडीह गांव से आता था। शहर के लक्ष्मी निवास चौक में रोज सुबह इसका पसरा लगता था जिसे खरीदने लोगों की भीड़ लगती थी। लेकिन समय से पहले ही सीताफल का सीजन खत्म हो गया।



बाजार पहुंची देवबती कोर्राम, देवकीबाई कमार, बसंती कोर्राम आदि ने बताया कि वे हर साल एक माह तक सीता फल बेचने शहर पहुंचती है। घंटे दो घंटे में उनकर सीताफल बिक जाता है। सीताफल का व्यवसाय उन्हें अच्छा रोजगार देता है। आसपास के क्षेत्र से सीताफल लेकर वे अलसुबह बाजार पहुंचती हैं। प्राकृतिक रूप से उत्पादित सीताफल में मिठास काफी रहता है। पके सीताफल से एक विशेष सुगंध आती है तो शरीर के लिए काफी लाभकारी है। यह फल अक्टूबर और नवंबर में मिलता है जिसके कारण इसकी डिमांड अधिक रहती है। वनांचल में सीताफल के दर्जनों बगीचे हैं। पेड़ से तोड़कर घर में पकाते हैं, फिर बाजार में बेच देते हैं।

#### शरीर के लिए फायदेमंद : डॉ. यूएल कौशिक

जिला चिकित्सालय के सीएमएचओ डा. यूएल कौशिक ने बताया कि सीताफल सर्दी के मौसम में मिलने वाला एक मौसमी फल है। इसमें मौजूद विटामिन्स ए, बी, सी, पोटेशियम, कैल्सियम, मैग्नीशियम, तांबा, फाइबर, शुगर शरीर के लिए काफी फायदेमंद हैं। इसका सेवन करने से शरीर निरोगी रहता है। हाई बीपी, कोलेस्ट्रोल को नियंत्रित कर विटामिन्स की कमी को पूरा करता है। इस फल को सभी उम्र के लोग सेवन कर सकते हैं। पेट के लिए इसे रामबाण औषधि के रूप में रोजाना डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह फल आंख, दिल, फेफड़े, मस्तिष्क के लिए फायदेमंद हैं।

# राउतों ने गायों को बांधी सोहई, किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

- सिर्री क्षेत्र में धूमधाम से मना देवउठनी का पर्व

सिर्री सहित क्षेत्र के गांवों में देवउठनी एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। गन्ने की खरीदी कर उसका मंडप तैयार कर तुलसी माता और भगवान शालिग्राम का विवाह रचाकर विधिवत पूजन कर





आशीर्वाद लिया गया। सुबह गन्ने की भारी बिक्री हुई। लगभग 50 से 70 रुपए तक एक जोड़ी गन्ना बेचा गया।

विदित हो कि देवउठनी पर्व के बाद से सभी शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। शाम को लोगों ने परंपरागत तरीके से पूजा-पाठ कर प्रसाद वितरण किया। सिर्री में राउतों द्वारा गायों को सोहई बांधने और पूजन करने की परंपरा निभाई गई।

# गंगरेल में पीएम आवास योजना पर कार्यशाला आज

- जिला पंचायत सीईओ ने लिया तैयारियों का जायजा
- अधिकारी, कर्मचारियों को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत भारत सरकार द्वारा क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन 14 नवम्बर को किया जा रहा है। कार्यशाला की तैयारियों का जायजा सीईओ जिला



पंचायत रोमा श्रीवास्तव सहित अधिकारियों ने लिया। इस मौके पर सीईओ ने पेयजल, विद्युत, भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए विकासखण्ड धमतरी के ग्राम पंचायत गंगरेल स्थित बरदिहा रिजॉर्ट में अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिला सूचना अधिकारी अमित सिसोदिया, अनुविभागीय अधिकारी पीएमजीएसवाय नितेश सिन्हा, सहायक प्रोग्रामर मनरेगा हितेश सिन्हा, डाटाएंट्री ऑपरेटर खुशकरण साहू और चन्द्रहास सिन्हा की ड्यूटी मीटिंग हॉल में कम्प्यूटर, प्रोजेक्टर, नेटवर्क एवं अन्य व्यवस्था के लिए लगाई गई है। टीम समन्वयक प्रदान शिवम झा, डीपीएमएनआरएलएम अनुराग मिश्रा को स्वागत एवं मोमेंटो वितरण का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा अन्य अधिकारी, कर्मचारियों को कार्यक्रम स्थल में पेयजल, भोजन, वॉटर स्पोर्ट्स, मानव वन एवं एडवेंचर पार्क में आवश्यक व्यवस्था करने कहा गया है।

धमतरी ब्लॉक के शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# मुख्यमंत्री से की मोदी की गारंटी लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धमतरी ब्लॉक के शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने मोदी की गारंटी लागू करने समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री, वित्तमंत्री, मुख्य सचिव, सचिव स्कूल शिक्षा, सचिव वित्त विभाग, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के नाम एसडीएम धमतरी पवन कुमार प्रेमी के प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार सूरज बंसोर को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक संचालक गेवाराम नेताम, दुष्यंत सिन्हा, चेतन लाल साहू, जिला संचालक डॉ. भूषण लाल चंद्राकर, दौलतराम ध्रुव, दिनेश पांडे, उपसंचालक बलराम तारम, राजेश यादव ने बताया कि मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी



संवर्ग को क्रमोन्नत समयमान वेतनमान प्रदान किया जाये। पुनरीक्षित वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जाये।

पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए। शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ सीजीपीएफ खाता में किया जाए। संघ ने बताया कि 25 नवम्बर को इंद्रावती से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च कर मांग पत्र देंगे।

मौके पर डॉ. आशीष नायक, कैलाश प्रसाद साहू, दीनानाथ पांडेय, फणेन्द्र शांडिल्य, राजकुमार क्षत्रिय, हरीश साहू, धर्मेंद्र साहू, देवेंद्र भारद्वाज, शीतल नायक, कौशल कुमार चंद्राकर, नारद देवांगन, रूपेश साहू, कैलाश सोन, वेदकुमार निर्मलकर, सोहन साहू, तुनेश्वरी साहू, परविंदर कौर गिल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# स्वयंसेवकों ने शासन की योजनाओं का किया प्रचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना योजना इकाई 1 का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भैंसमुंडी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार के निर्देशन में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम सर्वे कर गांव के लोगों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे पीएम आवास योजना, पीएम जनधन बीमा योजना, पीएम सुकन्या योजना, पास्को एक्ट आदि की जानकारी गांव वालों को दी गई एवं योजना से लाभान्वित लोगों का साक्षात्कार कर आंकड़ों का संग्रहण किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्वयंसेवक मोजेश साहू, जागेन्द्र सिंह, केशव ध्रुव, यामिनी कंवर, भूमिका डाहरे का योगदान रहा।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

### पद्मश्री फूलबासन बाई ने युवाओं को स्वरोजगार पर दिया मार्गदर्शन

# नौकरी के पीछे भागने की बजाय रोजगार, स्व-रोजगार से जुड़ें युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री/धमतरी

समाज के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने देवांगन समाज ने मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किया। देवांगन समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में रोजगार, स्व-रोजगार मार्गदर्शन व मोटिवेशनल को लेकर मंथन हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री फूलबासन बाई यादव थीं। उन्होंने युवाओं को आगे आकर सामाजिक उत्थान के लिए अपनी महती भूमिका निभाने की अपील की। कलाकार ओपी देवांगन ने राज्य गीत गाया। धमतरी के दानीटोला स्थित देवांगन समाज भवन में आयोजित रोजगार, स्व-रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम के अतिथि फूलबासन बाई यादव, महापौर विजय देवांगन, देवांगन समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रामगोपाल देवांगन, कुंजलाल देवांगन, जिलाध्यक्ष विनय देवांगन थे। इस अवसर पर फूलबासन बाई ने कहा कि देवांगन समाज मेहनतकश समाज है। मां परमेश्वरी के बताए रास्ते पर चलने वाला समाज है, जो अपनी कड़ी मेहनत के बल पर आज प्रदेश में अलग पहचान बनाई है। उन्होंने समाज के युवाओं को उच्च शिक्षा के प्रेरित किया। कहा कि पढ़-लिखकर नौकरी के पीछे भागने की बजाय रोजगार, स्व-रोजगार से जुड़कर घर-परिवार और समाज की सेवा में अपनी भूमिका निभाएं।






#### समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं


महापौर विजय देवांगन ने युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष विनय देवांगन के कहा कि शासन युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएं चला रहा है। इसका लाभ लेकर युवाओं को अपना भविष्य गढ़ना चाहिए। आगे कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है बस उन्हें अच्छा प्लेटफार्म देने की। देवांगन समाज युवाओं को मार्गदर्शन देने के साथ ही मंच उपलब्ध कराने हरसंभव मदद करेगा। कार्यक्रम में महिला मंडल जिलाध्यक्ष वेदिका देवांगन, उपाध्यक्ष मंथरा देवांगन, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दीपेश देवांगन, भागवत देवांगन, शेखर देवांगन, सावित्री देवांगन, रेखा देवांगन समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

#### युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की पहल

समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, जिलाध्यक्ष विनय देवांगन ने कहा कि शासन की ओर से हाथकरघा को बढ़ावा दिया जा रहा है। समाज के लोगों से बुनकर समितियों का गठन कर इसका लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। समाज द्वारा आगे भी मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में उद्यमिता विकास विभाग के अधिकारी सतीश वर्मा ने रोजगार-स्वरोजगार के लिए युवाओं का मार्गदर्शन किया।

# बेलरगांव पहुंचा जिला प्रशासन सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




आमजनों की समस्या, मांग और शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र नगरी विकासखण्ड के ग्राम बेलरगांव स्थित शासकीय माध्यमिक स्कूल परिसर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर बेलरगांव सहित आसपास के ग्रामीणों ने अपनी मांग, समस्या और शिकायत संबंधी आवेदनों को अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। इनमें से अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। मौके पर बेलरगांव सरपंच उमेन्द्र दीवान, अपर कलेक्टर जी.आर.मरकाम, एसडीएम नगरी डॉ.विभोर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिलास्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्या, शिकायत और मांग संबंधी आवेदन प्राप्त कर उन पर संवेदनशीलता से कार्रवाई की। अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं और शासन की जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई। इस दौरान टीबी, मलेरिया, टायफाईड से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। गर्भवती माताओं को नियमित जांच, कुपोषण से बचाव के लिए पूरक पोषण आहार के संबंध में बताया गया। कृषि विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन और नगदी फसल लेने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया। खेतों में पैरा नहीं जलाने की समझाईश भी जनसमस्या निवारण शिविर में दी गई। वन विभाग द्वारा हाथी विचरण क्षेत्र की जानकारी दी गई।

शिविर को संबोधित करते हुए सरपंच उमेन्द्र दीवान ने कहा कि हर व्यक्ति अपनी समस्या, शिकायत और मांग को लेकर जिला मुख्यालय नहीं जा सकता। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आपके गांव पहुंचकर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के जरिए समस्या, शिकायत और मांग का निराकरण किया जा रहा है, जिसका आप सभी लाभ उठाएं। अपर कलेक्टर मरकाम ने कहा कि ग्रामीण शिविर में पहुंचकर इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लोगों की समस्या, मांग और शिकायत संबंधी आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण करें और जिन आवेदनों के लिए समय-सीमा दी गई है, उससे आवेदकों को अवगत कराएं।

## राजेंद्र बने पेंशनर फेडरेशन फोरम के जिला संयोजक

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा एवं प्रांतीय संयोजक पेंशनर फोरम बीपी शर्मा ने पेंशनर फोरम के कार्यों के सुचारु संचालन हेतु जिला संयोजक की नियुक्ति की है। राजेंद्र चंद्राकर को पेंशनर फोरम जिला संयोजक धमतरी की जवाबदारी सौंपी गई। श्री चंद्राकर को पेंशनर फोरम जिला संयोजक बनाये जाने पर छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष चंदूलाल चंद्राकर तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, तुलसी राम नेताम, कमल सार्वा, छगनलाल साहू तोमन साहू, रामकृष्ण ठाकुर, यशवंत सिन्हा, चंदन सिंह तुरंग, एसके साहू, अशोक देवांगन, कुंदन साहू , सुरेश कुमार ध्रुव, दिलीप साहू, महिला संयोजक चंपा चंद्राकर, तनुजा घोरपड़े, अंचल चंद्राकर, वर्षा अग्रवाल, धर्मेंद्र साहू, भावेश चन्द्रवंशी, मकसूदन पटेल, तुमन कोसले, ममता ध्रुव, राजेश साहू ने हर्ष व्यक्त किया हैं।



## सांकरा में 15 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम

**धमतरी।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कार्यक्रम 15 नवम्बर को निर्धारित है, जिसे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संबोधित किया जाएगा। इसी परिप्रेक्ष्य में जिले में एक दिवसीय कार्यक्रम नगरी विकासखण्ड के ग्राम सांकरा में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा।कलेक्टर नम्रता गांधी ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं पार्किंग तथा यातायात व्यवस्था के साथ ही अनुसूचित जनजाति वर्ग के 5 शहीद परिवारों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। वनमण्डलाधिकारी द्वारा वनधन विकास केन्द्र का स्टॉल सहित हितग्राहियों की उपस्थिति, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी को आमंत्रण तथा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पंखे, कूलर, साज-सज्जा, टेंट माईक के साथ ही प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना नगरी द्वारा आदिवासी नर्तक दल और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राज्य सरकार से पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों की उपस्थिति, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सक, एम्बुलेंस व्यवस्था, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, आयुष्मान कार्ड के अनुसूचित जनजाति एवं कमार वर्ग के हितग्राहियों की इत्यादि का दायित्व सौंपा गया है।

अनुविभागीय अधिकारी बीएसएनएल धमतरी, ई-डिस्ट्रीक्ट मैनेजर को प्रधानमंत्री के जमूई, बिहार से जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के प्रसार हेतु एलईडी स्क्रीन, 2 वें कनेक्टीविटी की व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता विद्युत को कार्यक्रम स्थल में विद्युत एवं जनरेटर की व्यवस्था, जिला शिक्षा एवं खेल अधिकारी को मंच संचालन, प्रतिभावार अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त अनुसूचित जनजाति के प्रभाशाली खिलाड़ियों की उपस्थित सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

# सिहावा मार्ग में बढ़ते यातायात दबाव पर हाइवे पेट्रोलिंग रखेगी नजर

- कोंडागांव-केशकाल घाटी मरम्मत कार्य के कारण बढ़ा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






कोंडागांव-केशकाल घाटी में मरम्मत कार्य शुरु होने से सिहावा मार्ग में यातायात का दबाव बढ़ गया है। इसे देखते हुए हाइवे पेट्रोलिंग 02 को सुगम यातायात के लिए व्यवस्था बनाने निर्देशित किया गया।

घाटी में मरम्मत कार्य के कारण बड़े व भारी वाहनों को बोराई व नगरी की ओर डायवर्ट किया जा रहा है जिसके कारण सिहावा मार्ग में यातायात का दबाव बढ़ गया है। सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा द्वारा उक्त मार्ग में आवागमन करने वाले आमजनों के लिए सुगम व सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है। हाइवे पेट्रोलिंग 02 को सिहावा मार्ग पर लगातार पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया है। पेट्रोलिंग के दौरान ओव्हर स्पीड से चलाने वाले वाहनों की गति कम कराने व मार्ग में अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों को हटाने निर्देशित किया गया है।

सुगम यातायात व्यवस्था बनाने यातायात पुलिस ने सिहावा मार्ग का भ्रमणकर ढाबा व सड़क किनारे खड़े वाहनों के चालक को समझाइश देते हुए रात्रि में पार्किंग लाइट चालू करके वाहनों को उचित स्थानों पर खड़ा करने के लिए कहा गया है। ढाबा संचालकों को भी भोजन के लिए रूकने वाले चालकों को मार्ग से दूर वाहन खड़ा कराने व रात्रि के समय ढाबा के चारों ओर उचित प्रकाश व्यवस्था करने निर्देशित किया गया। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से ट्रेफिक नियमों का पालन कर पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### साहसिक कैंप मनाली में प्रतिनिधित्व करेंगे खूबचंद

**महासमुंद।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर अंतर्गत संचालित शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको जिला महासमुंद में अध्ययनरत बीए द्वितीय का छात्र खूबचंद पटेल का इस वर्ष मनाली में 15 नवंबर से 24 नवंबर तक आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय साहसिक कैंप 2024 के लिए चयन हुआ है। प्रभारी प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर के मार्गदर्शन में छात्र खूबचंद द्वारा कैंप में सम्मिलित होने के लिए सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई है। दीवान ने बताया यह गर्व की बात है कि गत वर्ष भी इस महाविद्यालय से स्वयं सेवक नितेश यादव ने राष्ट्रीय युवा उत्सव नासिक में प्रतिनिधित्व किया था। एडवेंचर्स कैम्प के लिए खूबचंद पटेल का चयन होने पर फलेश दीवान एवं सहायक प्राध्यापकों एवं सभी स्टाफ व स्वयं सेवकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### राजिम मोड़ में कार की टक्कर से युवक की मौत

**महासमुंद।** लभरा खुर्द स्थित राजिम मोड़ में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी डागेश्वर ध्रुव वार्ड नं 01 शंकर नगर महासमुंद ने रिपोर्ट लिखाई है कि 12 नवंबर की दोपहर करीब 1 सूचना मिली कि छोटे भाई सतीश कुमार का एक्सीडेंट राजिम मोड़ लभराखुर्द में हो गया है, जब घटनास्थल पर जाकर देखा तो उसका भाई एवं दोस्त यशवंत घायल हालत में वहां पड़े हुए थे पूछताछ में आसपास खड़े लोगों ने बताया कि आल्टो कार क्र सीजी 04 एलबी 8122 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल क्र सीजी 06 जीएस 1249 को एक्सीडेंट कर दिया। जिससे ये दोनों घायल हो गए। कुछ देर बाद 112 वाहन के आने पर घायलों को जिला अस्पताल महासमुंद ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने चेक कर सतीश की मौत हो जाना बताया और घायल यशवंत को उचित ईलाज के लिए रेफर किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### लेखापाल के मकान से चोरी

**महासमुंद।** सामुदायिक अस्पताल में पदस्थ लेखापाल के घर से आभूषण, नगत समेत 60 हजार रुपए की चोरी की घटना हुई है। बसना पुलिस ने रिपोर्ट के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया है। बसना पुलिस को अरेकेलडीपा डब्बू कालोनी निवासी व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिथौरा में पदस्थ लेखापाल शैलेंद्र नायक ने बताया कि वह और उसका परिवार 9 नवंबर को दोपहर 3.30 बजे अपने परिवार के साथ निजी कार्य से रायपुर गया था। 11 नवंबर को शाम 6 बजे वापस आने पर देखा कि घर के अंदर के दरवाजा का ताला नहीं था। बेडरूम में पलंग का दराज खुला एवं सामान बिखरा हुआ था, आलमारी खोलकर चेक करने पर देखा तो उसमें रखी चांदी की 06 नग पायल, चांदी की बिछिया 04 नग, चांदी का 2 नग कर्धन, चांदी का 02 नग चूड़ा, 01 नग सोने की चैन और नगद 5000 रुपए कुल 60,000 रुपए के सामान नहीं थे।

शोभायात्रा का विभिन्न समाज के लोगों ने फूलों की वर्षा कर किया स्वागत

# गुरुनानक जयंती पर सिख समाज की निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सिख समाज के प्रथम गुरू गुरूनानक देव महाराज की जयंती पर सिख समाज ने बुधवार को शहर में शोभायात्रा निकाली, जिसमें सभी समाजजन शामिल हुए। शोभायात्रा में समाजजनों का उत्साह देखते ही बना। शोभायात्रा शहर के गुरूसिंग सभा गुरूद्वारा से प्रारंभ होकर बालक चौक, बोलबाजार, मठ मंदिर चौक, चमेली चौक, कचहरी चौक, तहसील ऑफिस, बनियापारा, शिव चौक, निगम स्कूल, रत्नाबांधा चौक, मकई चौक होते हुए पुनः गुरूद्वारा भवन पहुंची। इस दौरान रास्ते में खूब आतिशबाजी हुई। शोभायात्रा का जगह-जगह विभिन्न समाज के लोगों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा की प्रथम पंक्ति में निशान के साथ युवा चल रहे थे। दूसरी पंक्ति में समाज प्रमुख तथा तीसरी पंक्ति में रथ में गुरूनानक देव महाराज की प्रतिमा विराजित थी। रथ को आकर्षक सजाया गया था। इसके बाद पंच प्यारे चल रहे थे। पंच प्यारे और निशान के सम्मान में समाज की बच्चियों और महिलाएं सड़क की सफाई कर पानी का छिड़काव कर रही थीं। अंतिम पंक्ति में सभी समाजजन सम्मिलित थे जो गुरूनानक देव जी की महिमा बखान कर रहे थे। शोभायात्रा में बैंडबाजे में भक्ति धुन बज रही थी। महिलाएं शबद कीर्तन कर रही थीं।

शोभायात्रा में पुरूष सफेद कुर्ता पायजामा और पीली पगड़ी पहनकर शामिल हुए। महिलाएं सफेद परिधान में केसरिया चुनरी पहनी हुई थी। शोभायात्रा में आगे सेवादार चल रहे थे। सभी भक्तों ने गुरूनानक देव जी पर माथा टेककर श्रद्धा प्रकट की। बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए ई-रिक्शा की सुविधा दी गई थी। समाजजनों के सभी प्रतिष्ठानें बंद रहे।

इस अवसर पर पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, हरमिंदर छाबड़ा, जगजीवन सिंह सिद्धू, जसपाल सिंघ छाबड़ा, रजिन्दर सिंघ छाबड़ा, गुरूप्रीत सिंघ मान, गुरूप्रीत सिंघ गाले, मनदीप सिंघ खनूजा, ममता खालसा, हरजीत सिंघ खालसा, गुरवीन कौर कोहली, गुरूजोत सिंघ खालसा, सिमरन कौर, अमरजीत सिंघ खालसा, अंग्रेज सिंघ गाले, मोहन लाल चोपड़ा, सविंदर सिंघ जुनेजा, भूपेन्दर सिंघ तलुजा, गुरूमुख सिंह खनुजा, मनमीत सिंघ गिल, प्रिंस सिंह छाबड़ा, सतपाल सिंह अजमानी, जसपाल सिंघ तलुजा, मनजीत सिंघ छाबड़ा, अवतार सिंघ गरेवाल, मनदीप सिंघ ढिल्लन, सतनाम सिंघ धनोवा, बलविंदर सिंघ बग्गा, जसविंदर सिंघ बग्गा, संदीप सिंघ जुनेजा, सहित समाजजन उपस्थित थे।









### आरएसएस ने बरसाए फूल



सिख समाज की शोभायात्रा का मठ मंदिर चौक के पास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर गौरव मगर, नंदू जसवानी, शैलेश चन्द्राकर, गौरव सोलंकी, सागर निर्मलकर, भेदू साहू, शुभंत सोलंकी, ऋषभ घोरपड़े, कोमल सार्वा, डीपेन्द्र साहू, प्रिंस जैन, खुमान सिंग, विजयंत रणसिंह, हेमचरण, डाकेश्वर साहू, महेन्द्र खंडेलवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## रासेयो से होता है व्यक्तित्व का विकास : प्रो. चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का मथुराडीह में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ।शिविर का मुख्य थीम डिजिटल साक्षरत एवं यूथ फॉर माय भारत रखा गया था। समापन समारोह के मुख्य अतिथि परमेश्वर देवांगन थे। अध्यक्षता डॉ विनोद पाठक प्राचार्य बीसीएस पीजी कॉलेज ने की। विशिष्ट अतिथि डा अनंत दीक्षित पूर्व प्राचार्य, प्रो पीसी चौधरी अंग्रेजी विभागाध्यक्ष, प्रो अजय सिंग विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र, जिला संगठक प्रो निरंजन कुमार थे। कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम ने सात दिनों की कार्यकारिणी का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डा अनंत दीक्षित ने रासेयो के महत्वों पर प्रकाश डाला एवं सिंगलयूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की। डा. अजय सिंग ने कहा कि एनएसएस से जुड़े विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ बहुमुखी प्रतिभा के धनी होते हैं।

प्रो. पीसी चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने से विद्यार्थी में व्यक्तित्व का विकास होता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक ने कहा कि महाविद्यालय में रासेयो की दो इकाई संचालित होने पर भी शिविर को सुचारू रूप से संचालित कर पाना सराहनीय है। शिविर नायिका मोनिका साहू ने शिविर से प्राप्त अनुभवों को साझा किया। शिविर नायक संकेत कुमार ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्वज का अवरोहण किया गया।



## धीवर समाज ने मनाया दीपावली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धीवर समाज धमतरी परगना ने दीपावली मिलन समारोह मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परमेश्वर फूटान महासंरक्षक, विशिष्ट अतिथि हेमंत मत्स्यपाल, होरीलाल मत्स्यपाल, संध्या हिरवानी थे। अतिथि परमेश्वर फूटान, हेमंत मत्स्यपाल ने कहा कि दीपावली परिवार के बीच मनाया जाना वाला पर्व है साथ ही पूरे समाज के साथ भी अपनी खुशियां शेयर करनी चाहिए। मौके पर नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सावित्री सपहा, आशा धीवर, सोहन धीवर, सोनू नाग, यशवंत कोसरिया, केशव सपहा, मीना बैगा नाग, सोनू भगत, चतुर्भुज हिरवानी, हर्षा नाग, सुनीता नाग, ओमप्रकाश नाग, संतोष नाग सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## साहू समाज पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर चलाएगा जनजागरुकता अभियान

- प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक से नशाखोरी, पारिवारिक विघटन जैसे मुद्दों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

साहू समाज धमतरी अब जिला, तहसील, परिक्षेत्र, ग्रामीण इकाई के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों के सहयोग से नशाखोरी, पारिवारिक विघटन पर अंकुश लगाने सहित अन्य मुद्दों को लेकर जनजागरूकता अभियान चलायेगा। साहू समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्षनेय के साथ समाज में हो रही घटनाओं, नशाखोरी, बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। साहू समाज के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि संस्कार की कमी, कर्तव्यबोध न होना, युवाओं को बेहतर कैरियर बनाने सही मार्गदर्शन का न मिल पाना, राजनीतिक संरक्षण, संलिप्तता सहित अनेक कारणों से विभिन्न नशाखोरी और अपराध बढ़ रहे हैं।

साहू समाज ने सुझाव देते हुए कहा कि ग्रामीण, परिक्षेत्र, मंडल, तहसील, जिला स्तर की बैठक, कार्यक्रम में संस्कारवान बनने, बेहतर कैरियर निर्माण के साथ ही बढ़ती नशाखोरी, अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सामाजिकजनों का उद्बोधन हो। पुलिस प्रशासन नशाखोरी, अपराध के सामानों की आपूर्ति पर तत्काल कार्रवाई करें। सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जाए। पहले की तरह सुरक्षा समिति, मितान के ध्यान, बीट प्रभारियों को सक्रिय किया जाए। बाहर से आने वाले किरायेदारों, दुकानदारों की मुसाफिरी अनिवार्य रूप से दर्ज कराई जाये। चिकित्सा से संबंधित मेडिकल दुकानों को छोड़कर देर रात्रि तक दुकान न खुली रहे। बंद करने का एक निश्चित समय हो।

पुलिस अधीक्षक ने सुझाव का स्वागत करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन समाज का प्रतिबिंब होता है। विभिन्न नशाखोरी, अपराध को रोकने के साथ बेटा पढ़ाओ, बेटी बचाओ के लिए जनमानस का सहयोग आवश्यक है।

बैठक में जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू, उपाध्यक्षद्वय तोरणलाल साहू, केकती साहू, महासचिव यशवंत साहू, सचिव लीलाराम साहू, तहसील अध्यक्षगण तोषण साहू, गोपाल साहू, राधेश्याम साहू, रोहित साहू, कामता साहू, सचिव जितेंद्र साहू, शेखन साहू उपाध्यक्ष रमेशर साहू, विजय गौतम साहू, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पवन गजपाल, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चंद्रकला साहू, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ. ललित साहू, परिक्षेत्र अध्यक्षगण ललित चौधरी, पोषण साहू, प्रहलाद साहू, रोहित साहू, डेरहू साहू, रामचंद्र साहू, कमलेश साहू, विश्वनाथ साहू, तुलेंद्र साहू, केआरसाहू, भीषम साहू उपस्थित थे।



## जनजाति समाज का जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार : मरई

- कंडेल महाविद्यालय में जनजाति गौरव माह पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल में जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम संयोजक कमलेश कुमार दीवान सहायक प्राध्यापक ने बताया कि केंद्र सरकार ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म तिथि 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस घोषित किया। इसी तारतम्य में महाविद्यालय में निबंध, पेंटिंग, रंगोली, फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। आगे कहा कि इतिहास में जनजाति समाज को उचित स्थान स्थान नहीं मिला है, उसे जन समुदाय तक पहुंचना है। मुख्य वक्ता डॉ सुमित्रा सिंह रायपुर ने जनजाति समाज के सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि जीवराखन मरई ने कहा कि जनजाति समाज का जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य रविश दास ने जनजाति समाज की प्रकृति के प्रति गहरी आस्था व कृतज्ञता के भाव को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के सहसंयोजक नूतन कुमार दीवान सहायक प्राध्यापक ने आभार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय का संदेश एक पेड़ हसदेव के नाम भी रहा। कार्यक्रम में पीतांबर सिन्हा, लक्ष्मीनारायण सिन्हा, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, डॉ. ऋचा शुक्ला, डॉ. संगीता गोयल, मनु नारायण सारथी, टिकेंद्र वर्मा, सविता, दीक्षा सोम, साकेत गंगबेर एवं टेकेश्वर साहू रहे।





## डोंगेश्वर धाम में बनेगा भगवान सहस्त्रबाहु का मंदिर



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डोंगेश्वर धाम देवपुर भगवान सहस्त्रबाहु मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष सिन्हा मंडलेश्वर धमतरी मंडल थे। अध्यक्षता देवकरण गजेंद्र सचिन मंडल धमतरी ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती परमेश्वरी सिन्हा महिला मंच कलार समाज जिला अध्यक्ष, हेमशंकर सिन्हा कोषाध्यक्ष मंडल धमतरी, रामसेवक सिन्हा थे। कार्यक्रम को अतिथियों ने संबोधित किया। मौके पर चेतनलाल सरपंच देवपुर, प्रदीप सिंह सरपंच डोड़की, मेला समिति के सचिव यतीशभूषण श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष तिलकराम साहू, भीखम सिन्हा, केशव सिन्हा, बीरसिंग सिन्हा, राममनोहर सिन्हा, प्रहलाद सिन्हा, रामेश्वर सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन यशवंत सिन्हा ने किया।













